# स्वतन्त्रता सेनानी पं. सुशील रत्न राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी

## वार्षिक प्रतिवेदन

राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के वर्ष 2024-25 के इस कार्यक्रम में, मैं माननीय विद्यायक विधानसभा क्षेत्र ज्वालामुखी श्री संजय रत्न का, प्रशासनिक अधिकारियों का, पत्रकारों, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग का एवं गणमान्यों अतिथियों और अभिभावकों एवं मैधावी विद्यार्थियों का इस शुभ अवसर पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। हमारे लिए यह हर्ष एवं सम्मान का विषय है। कि आदरणीय विद्यायक ज्वालामुखी मुख्य अतिथि के रूप में आज हमारे बीच उपस्थिति हैं। हम सब आपके अभारी हैं आपने अपनी व्यस्तता में से हमारे इस कार्यक्रम के लिए समय निकाला है तथा हमारे महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण करने की हमारी प्रार्थना को सहर्ष स्वीकार किया।

मान्यवर यह वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 के दौरान हमारी उपलब्धियों चुनौत्तियों एवं भविष्य की योजनाओं का सार प्रस्तुत करता है। गत वर्ष हमनें अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की और अपने लक्ष्यों की ओर सशक्त कदम बढ़ाए। अब मैं आपसे 2024-25 का महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

**महाविद्यालय पृष्ठभूमि-**

महाविद्यालय वर्ष 1999 में अस्तित्व में आया। यह महाविद्यालय वर्ष 1999 से 8 जून 2016 तक मन्दिर न्यास और ज्वालाजी शिक्षा समिति द्वारा संचालित रहा। अब यह राजकीय महाविद्यालय के रूप में 8 जून 2016 से अस्तित्व में है। यह महाविद्यालय ज्वाला जी बस अड्डे से लगभग 2 कि. मी. की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 303 पर ज्वालाजी से नादौन मार्ग पर स्थित है। इस महाविद्यालय में प्रारम्भ से ही छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक रही है और इस सत्र में भी छात्राओं की संख्या गत वर्षों की भान्ति छात्रों से अधिक है।

महाविद्यालय में प्राध्यापकों के 21 पद स्वीकृत है जिनमें से 15 पदों पर प्राध्यापक कार्यरत है और 5 रिक्त हैं (3 अंग्रेजी, 1 अर्थशास्त्र, 1 वाण्जिय)। गैर-शिक्षक वर्ग में कुल 18 पद हैं जिनमें से 11 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं और 5 रिक्त हैं (1 लैब अटेंडेट, 1 सीनियर असीस्टैंट, 1 लाइब्रेरी अटेंडेट, 1 तबला वादक, 1 सफाई कर्मचारी)। 1 लिपिक अधीक्षक Grade-II)

**महाविद्यालय की सम्बद्धता-**

महाविद्यालय की हि. प्र. विश्वविद्यालय से प्रारम्भ से ही स्थायी रूप से सम्बद्धता है। वर्तमान समय में तृतीय वर्ष की सम्बद्धता सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी से है। आगामी वर्षों में महाविद्यालय के सभी संकायो की सम्बद्धता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से होगी। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा के लिए महाविद्यालय में वर्ष 1999 से ही परीक्षा केन्द्र स्थापित है। 11 मार्च 2024 को महाविद्यालय ज्वालामुखी का नाम राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी से स्वंत्रता सैनानी पं. सुशील रत्न राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी रखा गया।

**विशेष उपलब्धियां**

* गत वर्ष महाविद्यालय में Self Assement Report में 141 महाविद्यालयों में से 40वां स्थान प्राप्त किया। Tier-II महाविद्यालय ने 12वां रैंक प्राप्त किया। जिसमें महाविद्यालय का स्कोर 1100 में से 796 प्राप्त किया। Tier-II में 42 महाविद्यालयों में से ज्वालामुखी महाविद्यालय की रैंकिंग में 12वें स्थान पर रहा।
* हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा 14 मार्च 2024 को महाविद्यालय को Central of Excelence की श्रेणी में रखा गया।

महाविद्यालय ने वद्दी विश्वविद्यालय के साथ गत वर्ष MOU साईन किया।

महाविद्यालय ज्वालाजी ने गत वर्ष राजकीय विद्यालय अम्ब पठियार, राजकीय विद्यालय सलेहत, राजकीय विद्यालय दरंग, राजकीय वरिष्ठ विद्यालय भड़ोली कोहला को Adopt लिया।

गत वर्ष 2024-25 में माहविद्यालय में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय कबड्डी पुरुषों की प्रतियोगिता (23 अक्तूबर, 2024 से 26 अक्तूबर, 2024) करवाई है। जिसमें राज्य के 77 महाविद्यालयों के 940 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

वंशिका गोस्वामी, हिमाचल प्रदेश के ज्वालाजी की 18 वर्षीय मुक्केबाज, ने बॉक्सिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। नवंबर 2024 में, उन्होंने अमेरिका के कोलोराडो में आयोजित अंडर-19 वर्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 80 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मुकाबले में, वंशिका ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी को मात्र 1 मिनट 37 सेकंड में हराकर अपने राज्य और देश को गर्व महसूस कराया।

उन्होंने 2024 की ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी महिला चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी (HPU) इंटर-कॉलेज महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में भी स्वर्ण पदक हासिल किया।

**खेल गतिविधियाँ-**

29 अगस्त 2024 को खेल विभाग द्वारा मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कबड्डी, प्लैन्कस, पुसअप और रस्सा कसी प्रतियोगिताएं की गई। कबड्डी में प्रथम स्थान पर ब्लू टीम द्वितीय स्थान पर ऑरैन्ज टीम रही। प्लैन्टस प्रतियोगिता में प्रथम किरन द्वितीय स्थान पर स्नेहा और तीसरे स्थान पर शशि वाला रहीं। लड़कों में इसी प्रतियोगिता प्रथम वरूण द्वितीय अंकित तृतीय अमन रहा।

पुशअप प्रतियोगिता में-वंशिका सोनिका व रिया क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही।

**एथलोटिक्स मीट**-महाविद्यालय में आठवीं खेलकूद प्रतियोगिता 8 फरवरी 2025 में करवाई गई जिसमें 100 मीटर रेस, 200 मी. रेस, 4 × 100 मी. रिले, उछल कूद, लम्बी कूद और शाट पुट प्रतियोगिताएं करवाई गई 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर अमन द्वितीय स्थान पर अर्पित तृतीय स्थान पर मोहित राणा को प्राप्त हुआ।

**100 मीटर** लड़कियों के वर्ग में प्रथम स्थान पर अंजू वाला, द्वितीय स्थान पर रीतिका और तृतीय स्थान पर शशि वाला रही।

**200 मीटर** रेस लड़कों के वर्ग में प्रथम स्थान पर वरुण द्वितीय स्थान पर विश्वास और तृतीय स्थान पर अंकित रहा।

**200 मीटर** रेस लड़कों के वर्ग में प्रथम स्थान पर वरुण द्वितीय स्थान पर विश्वास और तृतीय स्थान पर अंकित रहा।

**200 मीटर** लड़कियों में प्रथम स्थान पर अन्जू वाला द्वितीय स्थान पर तृतीय स्थान पर शालवी रही।

**शाट पुट** लड़कों वर्ग में प्रथम स्थान पर आशीष द्वितीय स्थान पर विशाल और तृतीय स्थान शेखर को प्राप्त हुआ।

शाटपुट लड़कियों में प्रथम स्थान पर अर्शिता द्वितीय स्थान पर मनीषा और तृतीय स्थान पर जैसमिन और पलक को प्राप्त हुआ।

**लॉग जम्प प्रतियोगिता के** लड़कों के वर्ग में प्रथम स्थान पर हिमांशु द्वितीय अमन और तृतीय स्थान पर सुमन रहा।

**लांग जम्प लड़कियों** वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रियंका द्वितीय स्थान पर पलक और तृतीय स्थान पर रीतिका को प्राप्त हुआ।

**हाई जम्प लड़कों** के वर्ग में प्रथम स्थान पर अंकित द्वितीय स्थान पर हिमांशु और तृतीय स्थान पर सुमन रहा।

**हाई जम्प लड़कियों** के वर्ग में प्रहथम स्थान पर पल्लवी राणा द्वितीय स्थान पर आंचल और तृतीय स्थान पर अन्जू वाला रहीं।

**परीक्षा परिणाम-**

गत वर्ष 2024-25 में महाविद्यालय का परिक्षा परिणाम बेहतर रहा। जिसमें **कला संकाय में प्रथम वर्ष** में सिया रोल नं. 1232350171 और तमन्ना राणा रो. नं. 123235182 सयुक्त रुप से प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर शिवानी रोल नं. 1232350161 और तृतीय स्थान पर कनिका देवी रोल नं. 1232350059 तृतीय स्थान पर रही। **कला संकाय की द्वितीय वर्ष में** प्रथम स्थान पर प्रियंका धीमान रोल नं. 20220120060113 और द्वितीय स्थान पर ईशा कौंडल रोल नं. 202201200601142, तृतीय स्थान पर पूजा कौंडल रोल नं. 202201200601103 रहीं। **कला संकाय के तृतीय वर्ष में** प्रथम स्थान पर सुहानी रोल नं. 1210450210, द्वितीय स्थान पर दिया रोल. नं. 1210450059, तृतीय स्थान पर साक्षी कौंड़ल रोल नं. 1210450178 को प्राप्त हुआ।

**विज्ञान संकाय ( मेडिकल ) में** प्रथम स्थान पर अनिका कौंडल रोल नं. 2210450010 द्वितीय स्थान पर करूणा रोल नं. 2200450034 और तृतीय स्थान पर ज्योति रोल नं. 2200450032 को प्राप्त हुआ।

**मेड़िकल में ही द्वितीय वर्ष** में प्रथम स्थान पर कपिला रोल नं. 20220120060300 5 द्वितीय स्थान पर तनीषा रोल नं. 20220120060 3028 और तृतीय स्थान पर महक रोल नं. 202201200603007 को प्राप्त हुआ।

**मेड़िकल के ही प्रथम वर्ष में** प्रथम स्थान पर कृतिका शर्मा रोल नं. 2232350021 द्वितीय स्थान पर मनीषा देवी रोल नं. 2232350023 और तृतीय स्थान पर सिया वर्मा रोल नं. 2232350044 को प्राप्त हुआ।

**बीएससी प्रथम वर्ष नॉन मेडिकल** में प्रथम स्थान पर साहिल धीमान रोल न 2232350037 द्वितीय स्थान पर आदर्श चौधरी रोल न 2232350001और तृतीय स्थान पर खुशी रोल न 2232350019 रही। **बीएससी द्वितीय वर्ष में नॉन मेडिकल** में प्रथम स्थान पर वरुण रोल न 202201200602020 द्वितीय स्थान पर भावना चौधरी रोल न 202201200602031 और तृतीय स्थान पर ज्योति रोल न 202201200602034 रही। **बीएससी नॉन मेडिकल तृतीय वर्ष** में प्रथम स्थान पर चिराग ठाकुर रोल न 2210450025 द्वितीय स्थान पर साक्षी रोल न 2210450058 और तृतीय स्थान पर रोल न 2210450061 शिखा चौधरी रही।

**वाणिज्य संकाय के प्रथम वर्ष में** प्रथम स्थान पर रीतिका चौधरी रोल नं. 3232350044 द्वितीय स्थान पर अभिषेक कुमार रोल नं. 323235002 तृतीय स्थान पर नाजिया रोल नं. 3232350034 को प्राप्त हुआ।

**द्वितीय वर्ष में** प्रथम स्थान पर नेहा चौधरी रोल नं. 202201200604020 द्वितीय स्थान पर मिनाक्षी रोल नं. 202212006017 और तृतीय स्थान पर पुष्पिन्दर सिंह 202201200604032 को प्राप्त हुआ।

**तृतीय वर्ष** में प्रथम स्थान पर सनाक्षी रोल नं. 3210450088 द्वितीय स्थान पर कविता रोल नं. 3210450032 और तृतीय स्थान पर आर्य नागरा रोल नं. 32104510001 ने प्राप्त किया।

**वी. सी. ए. तृतीय वर्ष** में प्रथम स्थान पर मुस्कान रो. नं. 6210450014, वी. सी. ए. में द्वितीय स्थान पर वीरेन्द्र रो. नं. 6210450031, तृतीय स्थान पर उदय ठाकुर रो. नं. 6210450028 रहा।

**वी. सी. ए. द्वितीय वर्ष** में प्रथम स्थान पर रजत रो. नं. 202201200612025, द्वितीय स्थान पर अश्वनी रो. नं. 202201200612008, तृतीय स्थान पर तनिष्का रो. नं. 202201200612014 रहे।

**वी. सी. ए. प्रथम वर्ष** में प्रथम स्थान पर नेहा रो. नं. 623235030, द्वितीय स्थान पर नजीना रो. नं. 6232350029, तृतीय स्थान पर शिवानी रो. नं. 6232350050 रहे।

**पी. जी. डी. सी. ए.** में प्रथम पर प्रिया ठाकुर रो. नं. 140232350003, द्वितीय स्थान पर मोहित रो. नं. 140232350001, तृतीय स्थान पर राहुल रो. नं. 140232350004 रहे।

**वी. वी. ए.** के छठे स्मैस्टर में प्रथम स्थान पर विशान रो. नं. 5210450010, द्वितीय स्थान पर प्रवेश रो. नं. 5210450004, द्वितीय स्थान पर शालिनी रो. नं. 5210450006, तृतीय स्थान पर शशि रानी रो. नं. 5219450007 रहे।

**वी. वी. ए.** के प्रथम और द्वितीय स्मैस्टर में प्रथम स्थान पर प्रियंका रो. नं. 5232350011, द्वितीय स्थान पर सोनाली रो. नं. 5232350013, तृतीय स्थान पर रणवीर रो. नं. 5232350012 को प्राप्त हुआ।

**केन्द्रीय छात्र विद्यार्थी परिषद–**

महाविद्यालय में शैक्षिक स्तर पर गतवर्ष 2024 में केन्द्रीय छात्र परिषद का चुनाव मैरिट को ध्यान में रखते हुए विधिवत रुप से किया गया जिसकी कार्यकारिणी निम्न है।

1. अध्यक्ष ईशा कौंडल (बी. ए. तृतीय वर्ष)
2. उपाध्यक्ष–रीतिका चौधरी (बी. कॉम द्वितीय वर्ष)
3. सचिव–शिवांगी (बी. एस. सी. नॉन मडिकल प्रथम वर्ष)
4. सहसचिव–कृतिका (बी. एस. सी. प्रथम वर्ष)

केन्द्रीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों में वरुण, नेहा चौधरी, कपिला धीमान, रजत दिया, सिमरन, युक्ता, मुस्कान, पायल, सिया, कृतिका, साहिल धीमान, प्रियका शिवानी अन्य छात्र सदस्यों को मिलाकर कुछ संख्या 28 है।

**अध्यापक–अभिभावक संघ–**

महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु अध्यापक–अभिभावक संघ सराहनीय भूमिका निभा रहा है। इस संघ का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना तथा छात्रों के हितों की रक्षा करना है। प्रतिवर्ष इस संघ की कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। सत्र 2024–25 के लिए कार्यकारिणी के निम्न पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रधान | – | श्री विनय शर्मा | उपप्रधान | – | श्री साहिन काजल |
| सचिव | – | डॉ. एस. एस. रंधावा | कोषाध्यक्ष | – | श्री अजय कुमार |
| सह सचिव | – | श्री प्यारे लाल | सलाहकार | – | श्री मनोहर लाल |

**महाविद्यालय पत्रिका–**

विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए महाविद्यालय में **ज्वाला श्री पत्रिका** भी है जोकि विद्यार्थियों को चेष्टाओं और प्रतिभा का मार्ग दर्शन करने का एक सशक्त माध्यम है इसके द्वारा प्रति वर्ष छात्र अपनी कृतियों को कलम वद्ध करते है इसे छः भागों में बाटों गया जिसमें हिन्दी, अग्रेजी, पहाड़ी, वाणिज्य, संस्कृत और विज्ञान है। गतवर्ष 2024 में महाविद्यालय पत्रिका के मुख्य सम्पादक प्रो. पूनम शर्मा हैं। संस्कृत विभाग की सम्पादिका सहायकाचार्य रेणु और विद्यार्थी सम्पादक वी. ए. तृतीय वर्ष की शशि वाला है। वाणिज्य विभाग के सम्पादक डॉ. अनुपम वाहरी है और विद्यार्थी सम्पादक वी. कॉम तृतीय वर्ष की मिनाक्षी है, पहाड़ी विभाग का संपादक सहायकाचार्य संजय कुमार है और विद्यार्थी सम्पादक वी.ए. द्वितीय वर्ष की रोनिका हैं, अंग्रेजी विभाग की संपादिका सहायकाचार्य हरिप्रिया है और विद्यार्थी संपादक वी. ए. तृतीय वर्ष की प्रियंका है, विज्ञान संकाय की सम्पादिका डॉ. शिवानी देवी हैं और विद्यार्थी सम्पादक वी. एस. सी. द्वितीय वर्ष का आदर्श चौधरी है, हिन्दी विभाग की सम्पादिका डॉ. मीना कुमारी हैं और विद्यार्थी सम्पादक वी. ए. द्वितीय वर्ष की पूजा है।

**रैगिंग विरोधी समिति–**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैगिंग विरोधी समिति गठित की गई है जिसकी संयोजक डॉ. पूनम शर्मा हैं। समिति की सतर्कता से वर्ष 2024–2025 में कोई भी रैगिंग सम्बन्धी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

**महिला शिकायत निवारण समिति–**

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है जिसकी समन्वयक डॉ. पूनम शर्मा हैं।

**महाविद्यालय पुस्तकालय–**

महाविद्यालय पुस्तकालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विषयों की पाठ्य एवं संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध करवा रहा है जो विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं बौद्धिक स्तर को बढ़ाने में सहायक है। वर्तमान में सभी संकायों के साथ–साथ बी. बी. ए./बी. सी. ए./पी. जी. डी. सी. ए. की पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करवायी जा रही है। वर्तमान में महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल 4439 पुस्तकें हैं तथा समाचार पत्र भी छात्रों हेतु लगाए गए हैं। पांच मार्च 2025 को महाविद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रकाशकों की पुस्तकें और एस. चांद की पुस्तकों के वारे में छात्रों ने जानकारी प्राप्त की।

**सांस्कृतिक गतिविधियों की रिपोर्ट 2024–25**

महाविद्यालय स्तरीय गतिविधियां "Talent Hunt" सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन 15 फरवरी 2025 में 'प्रतिभा खोज' सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने लोकगीत, बॉलीवुड गीत, गजल, भजन और नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर दिया गया।

अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अक्टूबर माह में, हमारे महाविद्यालय ने अंतर–महाविद्यालय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

'अंतर संकाय' सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में 'सुर संगम' विषय पर अंतर–संकाय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जैसे–एकल गायन, भाषण, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, हिमाचली नृत्य,पंजाबी नृत्य।

**अंतर महाविद्यालय स्तरीय गतिविधियां**

अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप 2 अक्टूबर माह में, अंतर–महाविद्यालय युवा महोत्सव – ग्रुप 2 का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, करसोग में किया गया, जिसमें हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में भाग लिया–गजल गायन, समूह गीत, लोकगीत, शास्त्रीय गायन।

अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप 3 नवंबर माह में, अंतर–महाविद्यालय युवा महोत्सव – ग्रुप 3 का आयोजन गौतम महाविद्यालय, हमीरपुर में किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी के विद्यार्थियों ने लोक समूह नृत्य में भाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।

**छात्रवृत्ति योजना–**

महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्ति योजना का विद्यार्थी लाभ उठाते हैं। वर्तमान में 170 विद्यार्थी इसके लाभार्थी हैं। इसकी समन्वयक डॉ. पूनम शर्मा हैं।

विभिन्न संवर्गों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का विवरण इस प्रकार है।

| छात्रवृत्ति का नाम | | छात्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | कल्पना चावला छात्रवृत्ति | 19 |
| 2. | अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति | 46 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति | 04 |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति | 68 |
| 5. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति | 32 |
| 6. | सैन्ट्रल स्कीम | 01 |
| **कुल विद्यार्थी** | | **170** |

**विद्यार्थी संख्या–**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या 779 है। जिनमें से 272 छात्र छात्राएं 507 हैं।

विद्यार्थियों की संख्या वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित हैं–

| S.No. | Class | Male | Female | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Non-Med. | 14 | 30 | 44 |
| 2. | B.Sc. Med. | 03 | 32 | 35 |
| 3. | B.Com. | 46 | 80 | 126 |
| 4. | B.A. | 84 | 267 | 351 |
| 5. | BBA | 21 | 12 | 33 |
| 6. | BCA | 94 | 45 | 139 |
| 7. | PGDCA | 01 | 06 | 07 |
| 8. | M.A. Pol Science | 01 | 12 | 13 |
| 9. | M.Com | 05 | 17 | 22 |
| 10. | M.A. English | 01 | 02 | 03 |
| 11. | M.sc. Mathematics | 02 | 04 | 06 |
| | | **272** | **507** | **779** |
| | | | **Total Student = 779** | |

**हिन्दी दिवस**–गत वर्ष 2024–25 में हिन्दी विभाग द्वारा सितम्बर में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें सभी संकायों के छात्रों ने भाग लिया जिसमें कविता पाठ, कहानी लेखन, नारा लेखन, निबन्ध लेखन, पोस्टर में किंग और भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

**कविता पाठ में** प्रथम स्थान पर अपर्णा 22HIN011, द्वितीय निशा 23POL08 तृतीय स्थान पर रिया रही।

**कहानी लेखन प्रतियोगिता** प्रथम स्थान पर कनु मुस्कान 22HIS90 द्वितीय स्थान पर वंशिका 22HIS40 तृतीय स्थान पर पलक धीमान 22HIS72 और नाजिया 22POL010 को प्राप्त हुआ।

**नारा लेखन प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर याशिका 23BCM028 द्वितीय स्थान पर संजना 24HIS21 और तृतीय स्थान पर शिवानी 23HIN03 को प्राप्त हुआ।

**निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में** प्रथम स्थान पर तमन्ना 23HIN03 द्वितीय स्थान पर रीतिका कुमारी 23HIN02 और तृतीय स्थान पर सुनैना कटोच 24HIN14 को प्राप्त हुआ।

**पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता** में प्रथम स्थान पर रिमी शर्मा 23POL03 द्वितीय स्थान पर दीक्षा और तृतीय स्थान पर अतुल 22BCM029 को प्राप्त हुआ।

**भाषण प्रतियोगिता** के प्रथम स्थान पर रोनिका 23POL10 द्वितीय स्थान पर नैन्सी, अर्पणा, 22HIN76 और 22HIN11 और तृतीय स्थान पर नैन्सी 23BSM002 को प्राप्त हुआ।

**राजनीति विज्ञान विभाग** द्वारा 15 अगस्त 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व मेंहदी प्रतियोगिता करवायी गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका धीमान प्रथम, मधु चौधरी द्वितीय तृतीय दीक्षा तथा भाषण में रोनिका प्रथम, शिवानी द्वितीय और मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता में पल्लवी वी. ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, स्नेहा वी. ए. द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान पर आशी गौर बी. ए. द्वितीय वर्ष तीसरे स्थान पर रहीं।

राजनीति विज्ञान विभाग के 09 छात्र–छात्राओं ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय हि. प्र. के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया।

26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रंगोली में तमन्ना, शिवानी, वंशिका प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर महक, दीक्षा, सीनम, स्नेहा, तृषा तृतीय स्थान पर शालिनी, सिमरन सिाय रही। भाषण प्रतियोगिता में निशा प्रथम, महक द्वितीय तथा रोमिका तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी में मधु चौधरी व अतुल प्रथम स्थान पर, मुस्कान व प्रिया द्वितीय स्थान पर, रोनिका व निशा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेंकिग में मीनाक्षी वी. ए. प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर, ज्योति वी. ए. द्वितीय वर्ष दूसरे स्थान पर, नेहा तृतीय स्थान पर रहीं।

**वेदव्यास संस्कृत सोसाइटी** संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य पर साप्ताहिक गतिविधियों में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिंग व श्लोक वाचन प्रतियोगिता करवायी गई। भाषण प्रतियोगिता में पलक वी. ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर, शिया वी. ए. द्वितीय वर्ष, नारा लेखन में शशिबाला तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर व बलविन्दर सिंह बी. ए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर तथा पोस्टर मेंकिग में आस्था राजपूत वी. ए. प्रतम वर्ष प्रथम स्थान पर, साक्षी वी. ए. प्रतम वर्ष द्वितीय स्थान पर, श्लोक वाचन प्रहतियोगिता में सरोज वी. ए. प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर, दीक्षा कुमारी बी. ए. प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रहीं।

Aristotle Zodogical Society द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रश्नोत्तरी में B.Sc. 2nd Year गी मनीषा कृतिका, सिया प्रथम स्थान परह, रुद्रांश, भावनी, रेखा B.Sc. 1st Year के द्वितीय स्थान पर, तनीशा, कपिला व महक B.Sc. 3rd Year के तृतीय स्थान पर रहें। सेमीनार में महक B.Sc. 3rd Year प्रथम, कपिला द्वितीय व तनीशा तृतीय स्थान पर रहे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 यूनिट है जिसमें 200 स्वयंसेवी है इस इकाई के समन्वयक डॉ. संजय कुमार और डॉ. मीना कुमारी है 2024–25 में इस इकाई की गतिविधियों निम्नलिखित हैं। कार्यकारी प्रभारियों के नेतृत्व मैं 25 दिसम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक कैम्प लगाया गया जिसका थीम Youth for India and Youth for digital था।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कबड्डी प्रतियोगिता में दो दिवसीय इकाई अभियान चालाय गया। इसके उपरान्त एक दिवसीय शिविर में ज्वाला जी Hoshpital की सफाई की गई एड्स दिवस पर कैम्पस की सफाई और रैली निकाली गई। और नशा विवारण पर भी व्याख्यान करवाया गया। एवम् लोगों को दोपहिया वाहन पर हेलमेट और गाड़ी में सीट बेल्ट पहनना और यातायात के नियमों के बारे में लोगों को जागरुक किया गया।

**लिंग संवेदीकरण इकाई–**

7 अक्तूबर 2024 को महाविद्यालय में माँ ज्वाला नर्सिग संस्थान कुड़ली हार की वी. एस. सी. नर्सिंग की छात्राओं ने कैंसर पर व्याख्यान दिया। लिंग सवेदीकरण इकाई ने 2024–25 के लिए रोनिका वी. ए. द्वितीय वर्ष से Gender Champion चुनी। इस छात्रा ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर लैंगिक समानता के विषय में छात्राओं को जागरूक किया।

**रोवर रेंजर ( 2024–25 ) –**

महाविद्यालय में रोवर रेंजर इकाई भी कार्यरत है जिसकी समन्वयक डॉ. अनुपम बाहरी और प्रो. रेनू है। इकाई की गतिविधियां निम्नलिखित रही।

* 31 अगस्त 2024 को महाविद्यालय की रेंजर्स एवं रोवर्स ईकाई ने नए विद्यवार्थियों के लिए अनुशासन से सम्बन्धित व्याख्यान आयोजित किया। जिसमें रोवर्स एवं रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर अनुपम बाहरी एवं प्रोफेसर रेणु ने विद्यार्थियों को अनुशासन, क्लब के गठन, उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

* दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को इकाई के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में वॉलिंटियर्स द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की गई। कार्यक्रम में रेंजर्स ने लाइब्रेरी और कैंटीन के बाहर और रोवर्स ने खेल मैदान की सफाई में योगदान दिया। सफाई अभियान में रेंजर्स और रोवर्स वॉलंटियर्स के साथ महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और सफाई कर्मचारियों ने भी योगदान दिया।

* दिनांक 28 फरवरी, 2025 को रेंजर और रोवर इकाई ने टीबी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य टी. बी. की रोकथाम और उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

* इसी इकाई ने 1 मार्च 2025 को 'युवाशक्ति' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चिंतन करने तथा उन्हें सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था।

* उपरोक्त गतिविधिओं के अतिरिक्त रेंजर्स एवं रोवर इकाई ने महाविद्यालय में आयोजित मेजर ध्यानचंद खेल महोत्सव, अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, वार्षिक एथलेटिक मीट, सुर संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने में अतुलनीय योगदान दिया।

**ईको क्लब–**

महाविद्यालय में ईको क्लब भी कार्यरत है जिसकी समन्वयक डॉ. आरती शर्मा है। इस क्लव के द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों पर्यावरण सरंक्षण व पर्यावरण के प्रति जागरुकता का आह्वान किया जाता है।

महाविद्यालय ज्वालामुखी में इको क्लब की प्रभारी डॉ आरती शर्मा की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की भावनी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. बीएससी प्रथम वर्ष की रेखा और गीतांजलि ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की नैंसी और बीएससी प्रथम वर्ष की युकता ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

**रेड रिबन क्लब–**

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लव भी कार्यरत हैं। इस ईकाई की समन्वयक डॉ. अनिका परमार हैं।

* दिनांक 4 सितम्बर 2024 को महाविद्यालय में 'आईसीटीसी सेंटर ज्वालाजी' एवं 'रेड रिबन क्लब' के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में एचआईवी एड्स विषय पर विद्यार्थियों के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें

आईसीटीसी काउंसलर ने एचआईवी एड्स के कारण एवं बचाव के बारे में विस्तार से बताया, काउंसलर ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा एचआईवी एड्स विषय पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी बड़ी सहजता से दिए। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 106 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

* 28 नवंबर 2024 को इसी क्लब ने एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों को एचआईवी/एड्स से जुड़े कारणों, लक्षणों, रोकथाम और गलत धारणाओं के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

* एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए रेड रिबन क्लब ने 29 नवंबर 2024 को एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का उद्देश्य छात्रों और जनता को एचआईवी की रोकथाम के बारे में शिक्षित करना, बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को तोड़ना और कलंक मुक्त समाज को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने एड्स रोकें, वादा निभाएं, एड्स को जानें और भेदभाव को न कहें जैसे शक्तिशाली संदेशों वाले बैनर की तख्तियां और पोस्टरस का इस्तेमाल किया और महाविद्यालय से अम्ब पठियार चौक तक रैली का आयोजन किया।

* दिनांक 29/11/24 महाविद्यालय में एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के खिलाफ अलख जगाई। मानव श्रृंखला में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, मानव श्रृंख्ला का निर्माण 42 विद्यार्धियों द्वारा किया गया जो महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से थे। एड्स के खिलाफ मानव श्रंखला का उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक करना था ताकि समाज में इस बीमारी को लेकर भेदभाव और stigma को खत्म किया जा सके।

* दिनांक 20 दिसंबर 2024 में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से नशा निवारण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नशा निवारण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

दिनांक 1 मार्च 2025 राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी में रेड रिबन क्लब द्वारा ट्यूबरक्लोसिस जागरूकता पर रैली का आयोजन किया गया रैली का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सुशील कुमार बस्सी के मार्गदर्शन में हुआ रैली में रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ. अनिका परमार, प्रोफेसर शिवानी देवी और डॉ. आरती शर्मा उपस्थित रहे यह रैली विज्ञान भवन से अंब पठियार तक निकाली गयी।

**सड़क सुरक्षा क्लब–**

4 नवंबर 2024 इसी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया, 8 नवंबर 2024 इसी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई, 13, 14 नवंबर और 18 फरवरी 2025 – परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, 19 नवंबर 2024 – पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, 2 दिसंबर 2024 – भाषण प्रतियोगिता और निबंध लेखन का आयोजन किया गया, 9 दिसंबर 2024 – सड़क सुरक्षा पर डॉक्यूमेंट्री शो का आयोजन हुआ, 18 दिसंबर 2024 – कॉलेज परिसर में वाहनों का प्रबंधन किया गया, 7 जनवरी 2025 – सड़क सुरक्षा के लिए पदयात्रा (सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, 10 जनवरी 2025 – रंगोली प्रतियोगिता मनाई गई।

**DISASTER MANAGEMENT UNIT (2024-25)**

महाविद्यालय की डिजास्टर मैनेजमेंट यूनिट ने विद्याथियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की सहायता से दिनांक 26 दिसंबर 2025 को विद्यार्थियों के लिए 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के एन.एस.एस के साथ सभी संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्री हरजीत भुल्लर, रिसोर्स कॉर्डिनेटर, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा ने अपनी टीम के साथ आपदा प्रबंधन के ऊपर व्याख्यान दिया, उन्होंने आपदा की परिभाषा, कारण और बचाव पर विस्तार पूर्वक बताया, श्री भुल्लर जी ने कांगड़ा के भूकंप जोन के बारे मे भी बताया और भूकंप आने की स्थिति में त्वरित बचाव का अभ्यास करवाया।

**स्टीफन हॉकिंग भौतिकी सोसाईटी–**

इस सोसाईटी द्वारा विज्ञान दिवस पर सेमिनार वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें सेमिनार में प्रथम स्थान शिंवागी 24BSM002, द्वितीय स्थान पर साहिल धीमान रोल नं. 23PH22002 , पोस्टर मेंकिंग में प्रथम स्थान पर आंकाक्षा 24BSM006, द्वितीय स्थान पर कृतिका स्याल 24PCH001 और आंचल रहीं। वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साहिल धीमान 23PHY002, द्वितीय स्थान पर वरूण 22BSM005 इसके अतिरिक्त सेमिनार में आदर्श चौधरी 22PHY007, द्वितीय स्थान पर शिंवागी 24BSM002 को प्राप्त हुआ और पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में कृतिका 23BSM007, साक्षी 23PCH005, मीनाक्षी 23PCH007 ने भाग लिया।

**गणित सोसाईटी–**गत वर्ष गणित विभाग द्वारा रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें सभी संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

24 दिसम्बर, 2024 को गणित विभाग द्वारा गणित दिवस मनाया गया जिसमें 70 विद्यार्थियों ने भाषण, रंगोली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवायी गई। पोस्टर मेंकिंग में प्रथम खुशी, द्वितीय मीनाक्षी व तृतीय स्थान कृतिका ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम श्रद्धा और खुशी द्वितीय में सिमरन, मीनाक्षी, तृतीय में आंचल व साक्षी रहे। वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम सोनिया द्वितीय आर्दश, तृतीय साहिल रहा।

**करियर काउंसिल और प्लेसमेंट सेल रिपोर्ट 2024 – 25**

महाविद्यालय में कैरियर कांउसिल प्लैसमैंट सैल भी कार्यरत है जिसकी समनव्यक डॉ. पूनम शर्मा है। इस सैल द्वारा दिनांक 22 फरवरी 2025 को महाविद्यालय ज्वालामुखी में करियर काउंसिल और प्लेसमेंट सेल ने करियर डेवलेपमेंट पर कर्ण पठानिया द्वारा व्याख्यान दिया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में करियर के चुनाव, उन्हें पूरा करने की कोशिशों, सेल्फ कॉन्फिडेंस आदि विषयों पर चर्चा की गई।

27 फरवरी, 2025 को, 'करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल' ने 'जॉब कोच ऑर्गनाइजेशन', चंडीगढ़ के सहयोग से एक 'प्लेसमेंट ड्राइव' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने और अपने करियर की संभावनाओं को बढ़ाने के अवसर प्रदान करना था।

**अन्य गतिविधियाँ–**

वाण्जिय एवं अर्थशास्त्र विभाग–2024–25

* दिनांक 17 अगस्त 2024 को महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा 'यूजीसी नेट कॉमर्स' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर एस. एस. रंधावा ने विद्यार्थियों को वाणिज्य शिक्षा के महत्व के साथ वाणिज्य विषय में नेट की विषय सामग्री और परीक्षा पास करने के विभिन्न गुरों से अवगत किया। इसी कड़ी में डॉ अनुपम बाहरी ने भी अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार बस्सी के निर्देशानुसार किया गया जिसमे वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

* दिनांक 17 सितंबर 2024 को महाविद्यालय में अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग के द्वारा से जीएसटी और प्रत्यक्ष–कर विषय पर सेमिनार और कार्यशाला का आयोजन किया। सेमिनार में अतुल और मीनाक्षी बीकॉम तृतीय वर्ष ने जीएसटी और प्रत्यक्ष कर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सेमिनार अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर प्रवीण प्रकाश के निर्देशानुसार किया गया।

* दिनांक 07 फरवरी 25 महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के स्मार्ट क्लास रूम में 'सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. अनुपम बाहरी और डॉ अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को व्याख्यान में विश्वसनीय वेबसाइट का उपयोग करने, भुगतान और नेट सर्फिंग के लिए फ्री वाई–फाई कनेक्शन से दूर रहने, मजबूत पासवर्ड बनाने और भुगतान के लिए डेबिट कार्ड की बजाय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने की सलाह दी। व्याख्यान में 92 विद्यार्थियों ने भाग लिया और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार बस्सी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

* महाविद्यालय में 10 मार्च 2025 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद टाड़ा मेडिकल कॉलेज से ब्लड डोनेशन की टीम ने आकर महाविद्यालय में ब्लड टोनेशन कैम्प लगा जिसमें महाविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने ब्लड डोनेट किया।

**प्राचार्य एवं प्राध्यापकों की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ–**

* प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी जी शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा 21 सितम्बर 2024 को गठित Technical Committee (जिला कांगड़ा) के अध्यक्ष रहे।

* प्राचार्य सुशील कुमार बस्सी जी ने 7 Meeting of Himachal Pradesh State Higher Education Council में 7 मार्च, 2025 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में भाग लिया।

* प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी जी ने 30 नम्बर 2024 से 1 दिसम्बर 2024 को Principal Coucnil शिमाला में भाग लिया।

**1. Department of Math Dr. Poonam Sharma**

* डॉ. पूनम शर्मा HPUBOS (Under Graduate) गणित विषय की सदस्या हैं। डॉ. पूनम शर्मा द्वारा TJCM राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। डॉ. पूनम शर्मा द्वारा एकदिवसीय राज्यसत्तरीय Online Seminar में भाग लिया। जिसे राजकीय महाविद्यालय बलदवाड़ा द्वारा 31 दिसंबर, 2024 में आयोजित किया गया। "Core components of Academic Research Writi8ng" शीर्षक से शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

* जीवन विज्ञान की सहायाकाचार्य डॉ. अनिका परमार ने MCM DAV college कांगड़ा द्वारा आयोजित 'Green chemistry for environmental sustainbility' अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में "Current advances in basic and social scineces : Issues and challenges" शीर्षक से शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

* राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू द्वारा आयोजित "The changing Dynamics of Himalaya : Economy Ecology and society" अन्तराष्ट्रीय सेमिनार में 'Conservation and sustainsable use of biodiversity' शीर्षक से शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

**2. Department of Zology Dr. Anika Parmar**

* डॉ. अनिका परमार द्वारा TJCM राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

**3. Department of Botany Dr. Aarti Sharma**

Paper Publications:

* An ethnomedicinal study on climbers and lianas of Changar region in district Kangra of Himachal Pradesh, India in Journal of Non- Timber Forest Products.

* Validation of traditional therapeutic practices on Boswellia serrata for the treatment of Asthma and other Respiratory problems in African Journal of Biomedical Research

**Chapter Publications:**

* Morphology, traditional therapeutic, pharmacology, cultural and economic values of Santalum album L. (Santalaceae), Published in Medicinal Trees of India, Volume- I, APRF Publisher (ISBN: 978-81-984754-6-6).

* Aegle marmelos (L.) Correa: A sacred medicinal tree, Published in Medicinal Trees of India, Volume-I, APRF Publisher (ISBN: 978-81-984754-6-6).

**Workshop:**

* International Workshop on sustainable development and Environmental Conservation organised by Department of Geography, TJCM, Utkrisht College Sujanpur Tihra (13February, 2025- 19February, 2025).

**Paper Presentation in Conferences/ Seminars:**

* Role of Ethnobotany in Plant Conservation in Himachal Pradesh in International Conference on The role of technology to combat the triad in crises: Biodiversity loss, Climate change and a Sustainable future organized by IQAC and Faculty of Sciences Govt. Degree College, Dharampur, Mandi (24 October -25 October, 2024).

* Role of Millets in Food Security in India in International Conference on Resilient Women, Innovative Solutions and Sustainable Environment RISE-2024 organized by WGRC and IQAC, Government College Bhoranj (25 November, 2024- 26 November, 2024).

* Role of Sacred Groves in Conservation of Floral Diversity in International Conference on Localizing Knowledge Formation: Towards Strengthening the Vernacular Voice(S) organized by Govt. College Seraj, Mandi (18 October, 2024- 19 October, 2024).

Eco club Activities:

* Organized poster making competition on theme Biodiversity Conservation (Dated- 20 February, 2025).

Botanical Society Activities: 1. Organized Quiz competition (Dated- 22February, 2025).

**4. Department of Physics Dr. Shivani**

In Internation conference on Emerging Trends and gonovations in Basic Sciences on dated 22-23 Nov. 2024, presented the paper on topic "Nantechnology and Space exploration" Organized by Carrier point university Hamipur (H.P.) India

**5. Department of Commerce Dr. Anil Kumar**

1. Presented online research paper on titled A Study on Financial Literacy for Digital Banking in rural areas of District Kangra in Himachal Pradesh in international conference at Government Degree College Sarkaghat Distt. Mandi on 29th and 30th November, 2024.

2. Attended online one day workshop on E-Filing of ITR-2 (Excel Utility) held on 21th September, 2024 organised by Department of Commerce, Govt. Degree College Jawali, Distt. Kangra.

3. Attended state level one day workshop on Energy and Water Conservation organized by Govt. Degree College Bangana Distt. Una held on 17th august, 2024.

**6. Department of Commerce, Dr. Anupam Bahri**

* Attended three days training programme on Hazard, Risk, Vulnerability and Capacity Assessment, organized by District Disaster Management Authority (DDMA), Kangra from 20th August 2024 to 22nd August 2024 at Dharamshala.

* Presented a research paper titled "Artificial Intelligence in Security Analysis and Portfolio Management" in the International Conference on "Current Advances in Basic and Social Sciences: Issues and Challenges", organized by MCM DAV College Kangra from 20th January 2025 to 22nd January 2025.

**7. Department History Dr. Sanjay Kumar**

* प्रो. संजय कुमार (इतिहास विभाग) ने पी. एच. डी. की उपाधि प्राप्त की। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में सात दिवसीय कार्यशाला (ऑनलाइन) में प्रो. संजय कुमार ने भाग लिया।

**Department of Economics Dr. Parveen Prakash**

**Personal Achievements-**

* Presented the Research Paperin National Seminar on NEP 2020 Implementation : Prospects & Challenges Organised by KLB DAV College for Girls, Palampur, Kangra H.P. (HPU Shimla, H.P., Affiliated) in Collaboration with NILM University, Haryana, India; titled 'A Study On Education-Employment & Education Policies' on Demeber 07th 2024.

**Other:-**

* Presented Work on Research Methodology on 14-11-24 in a workshop organized by College Economics Society.

* Presented Research Work on College-Students' Expenditure Pattern in Annual Economics Day & World H Economics Day commemoration organized by College Econnomics Society on 14-02-25.

* Presented in the 02 Sessions on Project Work & Research in PCP & Orientation for BBA on 17-18-of Feb. 2025, Organised by College Economics Society.

**भविष्योन्मुखी योजनाएं–**

1. सरकार से अपेक्षा है कि महाविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन से लेकर विज्ञान भवन तक और विज्ञान भवन से लेकर वाणिज्य भवन तक का रास्ता पक्का किया जाएं।

2. महाविद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

3. वाणिज्य भवन और प्रशासनिक भवन की मुरम्मत करवाई जाये एवं वाण्जिय के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर की लैव वनाई जाए।

4. महाविद्यालय परिसर में चार दीवारी का कार्य अभी तक पूर्ण रूप से सम्पन्न नहीं है इसके लिए बजट का प्रावधान किया जाए ताकि यह कार्य शीघ्र अतिशीघ्र सम्पन्न किया जाए।

**धन्यवाद–**

यह हमारे लिए हर्ष और गौरव का विषय है कि आज हमारे मध्य समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री संजय रत्न जी विधायक ज्वालामुखी उपस्थित हैं। हम आभारी हैं माननीय विधायक जी के जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय हमें प्रदान किया व समारोह की शोभा बढ़ाई तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्नेह और आशीर्वाद दिया। आपने महाविद्यालय के विकास और सुधार में सदैव तत्परता से सहयोग और आवश्यक सफल निर्देश दिया तथा हमारा मार्गदर्शन किया। अन्त में मैं एक बार पुन: आप सब का धन्यवाद करता हूं।

यहां उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य अतिथियों का पत्रकार बन्धुओं का, महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग, विद्यार्थियों व पी. टी. ए. के पदाधिकारियों का विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं जिन्होंने पूरे सत्र महाविद्यालय के सहज कार्य संचालन में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

धन्यवाद।

**डॉ. सुशील कुमार बस्सी**
**प्राचार्य**